The origin of the Kumbh is very old and dates back to the mythological time when the ***Devtas*** (Gods) and the ***Asuras*** (Demons) churned the 'Kshirsagar' to get the Nectar (Amrit). Distribution of nectar caused dispute between them and due to which some drops of the nectar fell from *Amrit Kalash* at Haridwar, Prayag(Allahabad), Ujjain and Nasik thereby making these places full of divine powers and energy. In commemoration of this, Kumbh Mela takes place every 12th year in these places. It is believed that those who take bath in the holy rivers during Kumbh Mela receive purity, prosperity and salvation. The historical Kumbh Mela is the largest known pilgrimage-festival of the modern world. The 1st, 2nd and 3rd '*Shahi Snan*' at Haridwar Mahakumbh – 2010 will take place on 12th February, 15th March and 14th April, 2010.

In the Kumbh Mela tableau of Uttarakhand, the scene of '*Samudramanthan*' on the front and the scene of Har-Ki-Pairi, Haridwar on the rear side are displayed.

Uttrakhand

23

भारत के वाद्य यंत्र

भारत का संगीत इसकी सांस्कृतिक विरासत का गौरव है और ये वाद्य यंत्र इसके अभिन्न अंग हैं। संगीत, नृत्य और ड्रामा में और पवित्र धार्मिक कार्यों अथवा वैवाहिक रिवाज में भी वाद्य यंत्रों की अनिवार्यता साबित हुई है। भारत के संगीत की धरोहर को संभाले रखने के लिए संगीत नाटक अकादमी (राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और ड्रामा अकादमी) ने 1953 में अपनी शुरूआत से अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से वाद्य यंत्रों की कलात्मकता तथा लोक जागरूकता को बढ़ावा दिया है।

झांकी का मुख्य आकर्षण आभूषणों से अलंकृत वीणा है जिसका संबंध शिक्षा की देवी सरस्वती से है। झांकी में शास्त्रीय वाद्य यंत्र, एक घुमावदार डोरी वाद्ययंत्र, "घुमसा", शंख, एक वाद्य यंत्र अथवा "सुशीरा वाद्य", "तात वाद्य" और "बोर्तल", एक लोलक अथवा इडियोफोन प्रदर्शित किए गए हैं। झांकी में अन्य वाद्य यंत्रों के सौंदर्य की झलक भी प्रदर्शित है।

संस्कृति मंत्रालय
संगीत नाटक अकादमी

Musical instruments of India

The music of India is the pride of its composite cultural heritage, and the instruments that make music are integral part to it. In the performance of music, dance, drama and also in sacred ritual or martial practice, musical instruments have proved to be indispensable. To uphold the India's musical heritage – Sangeet Natak Academy (National Academy, for Music, Dance and Drama) since its inception in 1953, has promoted artistic and public awareness of musical instruments through its varied programmes.

The tableau's main attraction is ornamentally decorated 'Veena', which is associated with Saraswati, the Goddess of learning. The tableau presents the classical musical instruments, the 'Shankha'(Conch), a wind instrument or 'Sushira Vadya', placed over the 'Dhumsa', a bowed string instrument or 'Tata Vadya' and the 'Bortal', a clapper or idiophone. The tableau also captures the beauty of other musical instruments.

Ministry of Culture
Sangeet Natak Academy



इंदिरा आवास योजना

आवास बुनियादी मानवीय जरूरत है तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय की झांकी इस विषय पर केंद्रित है। झांकी में अग्रणी कार्यक्रम 'इंदिरा आवास योजना', को दर्शाया गया है जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबी की रेखा से नीचे परिवारों की उनके घरों के निर्माण में अनुदान उपलब्ध कराके सहायता की जा रही है। लाभार्थी को स्वच्छ शौचालय के साथ एक धुआं–रहित चूल्हा से युक्त कम–से–कम 20 वर्ग मीटर में एक घर का निर्माण करना होता है। वर्ष 1985 में इस स्कीम की शुरूआत होने से अब तक 206 लाख से अधिक घरों का निर्माण किया जा चुका है।

झांकी में कम लागत के घर दिखाए गए हैं जो पर्यावरणानुकूल, आरामदायक तथा टिकाऊ हैं तथा जिनमें अभिनव प्रौद्योगिकी तथा स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। एक गुजराती शैली का घर जिसे मिट्टी के ब्लाकों से बनाया जा रहा है, को निर्माणाधीन दिखाया गया है, साथ ही अन्य तैयार घर को दिखाया गया है जिसमें 'गृह प्रवेश' रस्म को अदा किया जा रहा है। झांकी के अग्रभाग में घोंसला बनाते पक्षियों को दिखाया गया है जो आश्रय की चाह का द्योतक है जो सभी जीवित प्राणियों में व्याप्त है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय

Indira Awaas Yojana

Housing is a basic human need and the Tableau of the Ministry of Rural Development focuses on this theme. The Tableau showcases the flagship programme "Indira Awaas Yojana", under which the families below poverty line in rural areas are helped by way of providing grant to build their own homes. The beneficiary is expected to construct a house of at least 20 square meters in plinth area, along with a sanitary latrine and a smokeless chullah. More than 206 lakh homes have been built since beginning of the Scheme in 1985.

The tableau shows low cost homes which are environment friendly, comfortable and durable, using innovative technologies and local materials. A Gujarati style house, with stabilized-earth blocks is depicted under construction, while another ready built house is shown, with a "Griha-Pravesh" ceremony going on. The front portion of the tableau shows nesting birds, symbolizing the yearning for shelter that is inherent in all living beings.

Ministry of Rural Development

25

शानदार अतीत तथा नए युग की विजय

भारतीय रेलवे अपनी झांकी के माध्यम से आधुनिकता के नवीनतम प्रतीक के साथ विशाल धरोहर को दर्शा रहा है। इसका अर्थ इस तथ्य को दर्शाना है कि भारतीय रेलवे अतीत तथा वर्तमान का सतत् मिश्रण है, भाप के लोकोमोटिव को 'डूरांटो' एक्सप्रेस के एल.एच.बी. कोच के साथ से जोड़ कर दिखाया गया है जो वास्तव में यात्री की सुख–सुविधा को प्रस्तुत करता है। भाप के लोकोमोटिव भारतीय रेलवे की सुविख्यात प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने अपने धैर्य और बल से समय को परास्त किया है। सुविधा तथा गति का पूरा ध्यान रखते हुए 'डूरान्टो' यात्री कोच भारतीय रेलवे के आज के आदर्श – 'सुरक्षा के साथ गति' का द्योतक है।

भारतीय रेलवे ने इस विषयवस्तु को अपने अतीत को प्रस्तुत करने के लिए चुना है। यद्यपि यात्री सुविधा, सुरक्षा तथा प्रचालन की अगली पीढ़ी की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं फिर भी, हमने अपने शानदार अतीत को नहीं भुलाया है। आज हम हमारे कालजयी सफल भाप के इंजन का प्रदर्शन करके हमारे अतीत का उत्सव मना रहे हैं। साथ–साथ उनका कद बढ़ा है।

रेल मंत्रालय

The Glorious Past and Triumph of New Era

Through their tableau, Indian Railways are showcasing their vast heritage along with the latest symbol of modernity. This is meant to represent the fact that Indian Railways are continuous blend of the past and the present, the steam locomotive blends seamlessly into the LHB coach of 'Duranto' Express, which truly represents the ultimate passenger comfort. Steam locomotives are the celebrated icons of Indian Railways. They have defied time with their fortitude and force. The 'Duranto' passenger coach with its emphasis on comfort and speed symbolizes the ideals of Indian Railways' Today - Speed with Safety.

Indian Railways have chosen this theme to represent their past. Though we are fast moving towards the next generation of passenger comfort, safety and operation, we have not forgotten our glorious past. This is the past we are celebrating today by showcasing one of our most successful steam engine of all times. Side by side, they stand tall.

Ministry of Railways





वैश्विक ताप वृद्धि

इस वर्ष सी.पी.डब्ल्यू.डी. की पुष्प निर्मित झांकी में वैश्विक तापमान में वृद्धि के प्रतिकूल प्रभावों तथा उनके समाधानों का चित्रण किया गया है। आजकल मुश्किल से कोई दिन वैश्विक तापमान वृद्धि की कहानी के समाचार के बिना गुजरता होगा। वैश्विक तापमान वृद्धि के प्रभाव दृश्यमान हैं अर्थात् उग्र मौसम, पिघलते ग्लेशियर, सागरों का बढ़ता जल–स्तर, खाद्य तथा जल संसाधनों का लुप्त होते जाना, मानव स्वास्थ्य में गिरावट, आदि। झांकी के अग्रभाग में प्रदर्शित जलती हुई पृथ्वी के द्वारा वन–कटाव, औद्योगिक तथा यातायात प्रदूषण, भूमि प्रदूषण आदि वैश्विक तापमान वृद्धि के कारणों को प्रदर्शित किया गया है। झांकी के पृष्ठभाग में समाधानों तथा उन चीजों को दर्शाया गया है जो हम वैश्विक तापवृद्धि को रोकने के लिए कर सकते हैं अर्थात् नए वृक्षारोपण, विद्यमान वृक्षों का संरक्षण तथा कार्बन डाइऑक्साइड आदि में कमी करना।

झांकी द्वारा दिया गया संदेश बिलकुल स्पष्ट है कि सबको न केवल पृथ्वी को बचाने अपितु वैश्विक तापवृद्धि से मानवता को भी बचाने के लिए सभी प्रयास करने चाहिए। यदि वैश्विक तापवृद्धि नहीं रुकती है तो स्थिति और अधिक भयावह होती चली जाएगी, स्थलाकृतियां जलमग्न हो जाएंगी और अंततः मानवता और पृथ्वी खतरे में पड़ जाएंगे।

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

Global Warming

This year CPWD's Floral Tableau is depicting adverse effects of Global Warming and solutions thereto. Nowadays, hardly a day goes by without a news story of global warming. Adverse effects of global warming are visible viz. extreme weather, melting glaciers, rising oceans, vanishing food and water resources, deteriorating human health etc. The burning earth shown on the front part of the tableau defines the reasons of global warming namely, deforestation, industrial and traffic pollution, land pollution etc. The trailer portion shows the solutions and the things that we can do to reduce global warming viz. plantation of new trees, preservation of existing trees and reducing carbon dioxide etc.

The message given by the tableau is loud and clear that all out efforts should be made by all of us to save not only the earth but the humanity also from the global warming. If global warming doesn't stop, the situation will continue to worsen further, landmarks will disappear under water and ultimately the humanity and the earth will be endangered.

Central Public Works Department

27

पन–बिजली से ऊर्जावान भारत

जब समस्त सभ्य संसार कार्बन उत्सर्जन को घटाकर वैश्विक तापवृद्धि से निपटने के अभियान की टंकार से गुंजायमान है तो ऐसे में पनबिजली उत्पादन को एक स्वच्छ विकास तंत्र के रूप में महत्व मिल जाता है जो कि पर्यावरणीय संरक्षण को प्रोत्साहित करता है। विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान एन.एच.पी.सी. की झांकी में 'पनबिजली से ऊर्जावान भारत' संदेश को उद्घोषित किया गया है तथा विकास और पर्यावरण के संतुलन में स्वच्छ पन–बिजली के अनेक लाभों का चित्रण किया गया है। विद्युत–चालित आर्थिक वृद्धि करने की दिशा में राष्ट्रीय पन–बिजली विकासक, एन.एच.पी.सी. द्वारा शुरू की गई निगमित सामाजिक पहलों तथा स्थानीय क्षेत्र, स्कूल परियोजनाओं, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों, ग्रामीण कृषि में बिजली से प्रचालित पम्प–घरों तथा भारतीय ग्रामीण जीवन–शैली के समृद्धिकरण का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।

शिखर पर बैठी तितली वाले विद्युत ऊर्जा के प्रतीक को संभाले हुए एक प्रतीकात्मक विशाल मानवीय हाथ, प्रकृति के साथ पन–बिजली की सद्भावना तथा मैत्रीपूर्ण एक नवीन कलात्मक अभिव्यक्ति है।

विद्युत मंत्रालय
राष्ट्रीय पन–बिजली शक्ति निगम

Energising India with Hydro-power

When the entire civilized world is abuzz with the crusade of combating Global Warming by reduction in Carbon Emission, hydro-electricity generation gains importance as a Clean Development Mechanism (CDM) that promotes environmental protection. The tableau of NHPC under the aegis of Ministry of Power proclaims the message "Energising India with Hydro-power" and portrays the multi benefits of clean hydro power in balancing development and environment, Corporate Social Responsibility (CSR) initiatives pursued by the national hydro-power developer, NHPC, towards promoting power driven economic growth and enriching the Indian rural life style by supporting local area school projects, vocational training centres, electrically operated pump houses in rural agriculture, etc. are highlighted.

A symbolic big human hand holding the symbol of electric energy with a butterfly sitting atop of it is a novel artistic expression of hydro-power's harmony and friendliness with nature.

Ministry of Power
National Hydro-electric Power Corporation





किसान की उन्नति – देश की प्रगति

शारीरिक श्रम से मशीनीकरण तक भारतीय कृषि की प्रगति से जनसंख्या विस्फोट के बावजूद कृषि उत्पादन में गति बरकरार रखने में मदद मिली है। "एन ओड टु द मदर अर्थ" में मातृभूमि की प्रतीक मूर्ति आशीर्वाद स्वरूप खाद्य अनाजों के बर्तन अपने उदार हाथों से भर रही है। भारत के आधुनिक परिदृश्य में आज पारंपरिक रूप से की जाने वाली खेती यंत्रीकृत सिंचाई वाली हो गई है तथा फार्म मशीनरी विभिन्न यंत्रीकृत खेती के यंत्रों का अनुप्रयोग प्रदर्शित करती है जिसमें मिश्रित हारवेस्टर तथा किसान कॉल सेंटरों के दूरसंचार संपर्कों को दिखाया गया है जो देश भर के किसानों के लिए संतोषजनक उपज, प्रगति, समृद्धि और खुशहाली सुनिश्चित करने में सहायक हैं।

झांकी के दोनों ओर बैलगाड़ी का पहिया विकास के पहिए का प्रतीक है और कृषि क्षेत्र के लगातार आगे बढ़ने को प्रदर्शित कर रहा है जिसे आधुंनिक समय का औद्योगिक पहिया भी कहा गया है, जो राष्ट्र की प्रगति के लिए कृषि क्षेत्र के साथ–साथ औद्योगिक क्षेत्र के तालमेल का महत्व प्रदर्शित करता है।

कृषि मंत्रालय
कृषि एवं सहकारिता विभाग

Kisan ki Unnati – Desh ki Pragati

The progress of Indian Agriculture from the days of manual labour to the mechanisation has helped maintain the pace of agricultural produce despite the population explosion. In an Ode to the Mother Earth, a symbolic statue of the Mother Earth stands tall blissfully filling the pots of food grains with bounty of her hands. India's modern agricultural scenario, amalgamating traditional ploughing with today's mechanised irrigation and farm machinery portrays the application of various mechanized agri-tools including the Combined Harvester and telecommunication links with Kisan Call Centers which helps the farmers across the country in securing satisfactory yield, progress, prosperity and happiness.

The cartwheel on the sides of the tableau symbolises the wheel of fortune and represents the continuous forward movement of the agricultural sector which is aptly complemented by the modern-day industrial wheel, signifying the interface of the agricultural sector with the industrial sector for national progress.

Ministry of Agriculture
Department of Agriculture and Cooperation

29

वन्य अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा जनजातियों का सशक्तीकरण

जनजातीय कार्य मंत्रालय की इस झांकी में वन्य अधिकार अधिनियम, 2006 के जरिए देश की जनजातीय आबादी को एक शक्ति संपन्न जनजातीय महिला की जीवंत मूर्ति के माध्यम से चित्रित किया गया है जो एक ठेठ कृषि हस्त औजार लिए हुए है, उसने जनजातीय आभूषण पहन रखे हैं और उसने लघु वन उत्पादों से युक्त एक टोकरी को अपनी पीठ पर रखा हुआ है जो उसके अधिकार संपन्न जीवनयापन को दिखाता है। सीमान्त जनजातीय आबादी के जीवनयापन के विभिन्न रूपों में कानूनी संस्वीकृति के साथ भूमि खेती, मत्स्य पालन, वन वृक्षों से शहद एकत्र करना, लघु वन उत्पाद का अधिकार, पशु तथा कुक्कुट पालन चित्रित किए गए हैं जो सरकार द्वारा किए गए उपायों पर जनजाति आबादी के भरोसे और विश्वास को प्रदर्शित करते हैं।

एक जनजातीय व्यक्ति की बड़ी मूर्ति जिसमें वह वन भूमि का एक टुकड़ा लिए हुए है, इस बात का प्रतीक है कि आज वन भूमि में जनजातीय आबादी पूरी सुरक्षा भावना और स्वामित्व के साथ अधिकार संपन्न तरीके से रहती है।

जन–जातीय कार्य मंत्रालय

Empowering Tribals through Forest Rights Act, 2006

In the tableau of Ministry of Tribal Affairs, the empowerment of the country's tribal population with Forest Rights Act, 2006 is depicted through a larger-than-life sculpture of an empowered tribal woman, holding a typical agricultural hand tool, adoring tribal jewellery and carrying Minor Forest Produce in a basket on her back as her rightful livelihood. The various elements of livelihood of the marginal tribal population including forest land cultivation with legal sanctions, fishing, honey-collection from forest trees, right to minor forest produce, animal and poultry breeding are portrayed reflecting the confidence and faith of the tribal population on the measures taken by the Government.

The larger-than-life bust figure of a Tribal man holding on to a piece of forest land symbolises the sense of security and ownership that the Tribal Population enjoys today on Forest Lands rightfully.

Ministry of Tribal Affairs

30

राष्ट्रमंडल खेल – दिल्ली 2010

दिल्ली, 2010 में 19वें राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर ही है जो 1982 में भारत में आयोजित एशियाई खेलों के बाद होने वाली अनेक तरह के खेलों की सबसे बड़ी खेल प्रतिस्पर्धा होगी। युवा कार्यक्रम मंत्रालय अपनी झांकी के माध्यम से अपनत्व, प्रेम, मैत्रीभाव व खेल भावना को दिल्ली में 71 देशों और राष्ट्रमंडल क्षेत्रों से पधारे खिलाड़ियों, भागीदारों और दर्शकों के समक्ष प्रदर्शित करेंगे। इन खेलों के लिए विकसित किए जा रहे अत्याधुनिक खेल स्टेडियमों की झलक जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के आदर्श से मिल रही है।

इस झांकी के माध्यम से इस बात पर महत्व डाला गया है कि राष्ट्र मंडल खेल – 2010 पहली बार आयोजित होने वाले "हरित खेल" होंगे। इन खेलों का शुभंकर **"शेरा"** हमें उस संवेदनशील परिवेश का स्मरण दिला रहा है जिसमें हम रह रहे हैं तथा इसकी प्रजातियों की रक्षा एवं इसके संकटापन्न नाजुक पर्यावरण संतुलन के लिए हमारे दायित्व क्या हैं। दिल्ली दर्शकों को अपनी समृद्ध संस्कृति एवं विरासत के आनंददायक परिवेश को प्रदर्शित करेगी जिसमें आधुनिक युग के भव्य निर्माण भारतीयों के आतिथ्य भाव से आपूरित हैं जो कि अतुल्य भारत की पहचान है।

युवा कार्यक्रम तथा खेलकूद मंत्रालय,
खेलकूद विभाग

Commonwealth Games – Delhi 2010

Delhi is going to host the XIX Commonwealth Games in Delhi in 2010, the biggest multi-disciplinary, mega-sporting event to be held in India after the Asian Games in 1982. The Ministry of Youth Affairs through the tableau is presenting the feeling of warmth, affection and spirit of sportsmanship that the Games will generate among athletes, participants and visitors from 71 nations and Territories of the Commonwealth in Delhi. The state-of-the-art sports stadia, which are being developed for the Games is depicted through the iconic Jawaharlal Nehru Stadium.

The tableau also emphasizes that CWG – 2010 will be the first ever "Green Games". **"Shera"** the mascot of the Games, reminds us of the fragile environment in which he lives and our responsibility towards protecting his species and the delicate ecological balance that is under threat. Delhi will present to the visitors an exhilarating milieu of rich culture and heritage, with the elegant structures of a modern era, complemented by Indian hospitality that is a trademark of Incredible India.

Ministry of Youth Affairs and Sports
Department of Sports

राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2009 के विजेता

नाम	राज्य
मास्टर गौरव सिंह सैनी*	हरियाणा
बेबी मैबम प्रीति देवी**	मणिपुर
मास्टर करण निषाद***	उत्तर प्रदेश
मास्टर विजीथ वी****	केरल
स्वर्गीय कु. रानू मिश्रा****	उत्तर प्रदेश
मास्टर नरेन्द्र सिंह नटवर सिंह सोलंकी****	गुजरात
मास्टर उद्देश आर. रामनाथकर	गोवा
कु. थोई थोई खुमांथम	मणिपुर
मास्टर जोनुनसांगा	मिजोरम
मास्टर सुजीत आर.	केरल
मास्टर अमल एन्टनी	केरल
कु. कृष्णाप्रिया के.	केरल
स्वर्गीय मास्टर दीपक कुमार कोरी	उत्तर प्रदेश
मास्टर दीजेक्षण सीयम	मेघालय
कु. वैशालीबेन संभूभाई सोलंकी	गुजरात
मास्टर लालरम्माविया	मिजोरम
कु. रेखा कालिंदी	पश्चिम बंगाल
कु. सुनीता महतो	पश्चिम बंगाल
कु. अफसाना खातून	पश्चिम बंगाल
मास्ट सुजित कुमार पी.	केरल
मास्टर योगेश कुमार जांगीड	राजस्थान

* भरत पुरस्कार

** गीता चोपड़ा पुरस्कार

*** संजय चोपड़ा पुरस्कार

**** बापू गयाधनी पुरस्कार

Winners of the National Award for Bravery – 2009

Name	State
Master Goarv Singh Saini *	Haryana
Baby Maibam Prity Devi **	Manipur
Master Karan Nishad ***	Uttar Pradesh
Master Vijith. V.****	Kerala
Late Km. Ranu Mishra ****	Uttar Pradesh
Master Narendrasinh Natvarsinh Solanki ****	Gujarat
Master Uddesh R. Ramnathkar	Goa
Km. Thoi Thoi Khumanthem	Manipur
Master Zonunsanga	Mizoram
Master Sujith R.	Kerala
Master Amal Antony	Kerala
Km. Krishnapriya K.	Kerala
Late Master Deepak Kumar Kori	Uttar Pradesh
Master Dijekshon Syiem	Meghalaya
Km. Vaishaliben Sambhubhai Solanki	Gujarat
Master Lalrammawia	Mizoram
Km. Rekha Kalindi	West Bengal
Km. Sunita Mahato	West Bengal
Km. Afsana Khatun	West Bengal
Master Sujith Kumar P.	Kerala
Master Yogesh Kumar Jangid	Rajasthan

* Bharat Award

** Geeta Chopra Award

*** Sanjay Chopra Award

**** Bapu Gayadhani Award

32

बच्चों की प्रस्तुति

डोलू कुनिथा

दक्षिण क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, तंजावूर कर्नाटक 'डोलू कुनिथा' कला का प्रदर्शन कर रहा है। इस कला का प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चे बंगलौर के तीन स्कूलों के हैं अर्थात् सेक्रेड हार्ट गर्ल्स हाई स्कूल, जीवन बीमा नगर, गर्वमेंनट हाई स्कूल, जीवन बीमा नगर और आर. वी. बालिका उच्चतर विद्यालय, जयनगर। प्रधान कला के रूप में इस नृत्य को लोक नृत्यों में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इसमें प्रदर्शन के दौरान दृश्यगत विविधता के साथ कौशल की जटिलता के दर्शन होते हैं। क्योंकि इस नृत्य के लिए शारीरिक शक्ति और धैर्य–क्षमता का होना आवश्यक है अतः सौष्ठव कद–काठी और ऊँची सहनशक्ति वाले लोग ही इसे कर सकते हैं। इसकी पृष्ठभूमि में हम ताल, तप्पाड़ी, गांग और बांसुरी को ऊँची ध्वनि में बजते हुए देख रहे हैं। इन वाद्ययंत्रों का प्रयोग दोलू के सघन दोलनों को और अधिक तेज करने के लिए किया जाता है। डोलू का एक लघु रूप, जिसे हाथ में लेकर जाया जा सकता है और जिसे बजाया जा सकता है, को एक अलग किस्म के गीत जिसे डोलू गीत या डोलू ढोल गीत कहते हैं, के साथ अधिकतर प्रयोग में लाया जाता है।

विरामहीन प्रवाह

इंडिया गेट स्थित अमर जवान ज्योति राष्ट्र की आन–बान के लिए अपनी जान की कुर्बानी देने वाले हमारे जवानों के बलिदान का प्रतीक है। यह हताश हुए लोगों के लिए आशा की किरण तथा देश के आर्थिक, सामाजिक, प्रौद्यगिकी एवं सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में करामात की चाहत रखने वाले लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राष्ट्रमंडल खेल–2010 से निश्चित रूप से हमारे भागीदारों को क्रीडा एवं खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाई हासिल करने का अवसर प्राप्त होगा। हर क्षेत्र में अतुल्य भारत के लोगों को अमर जवान ज्योति की सतत् प्रेरणादायी, अनवरत देदीप्यमान ज्योति पर गर्व है जो समृद्ध जीवन और अनुशासन पर आधारित नए युग में आगाज़ के लिए प्रतिबद्ध है।

कमल मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, मोहन गार्डन, नई दिल्ली और वंदना इंटरनेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, द्वारका, नई दिल्ली के छात्र 'विरामहीन प्रवाह' नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं।

Children's Pageant

Dollu Kunitha

The South Zone Cultural Centre Thanjuvur presents 'Dollu Kunitha' Art Form of Karnataka. The school children performing the art are drawn from the three schools of Bangalore viz. Sacred Heart Girls High School, Jeevan Bima Nagar; Government High School, Jeevan Bima Nagar and R.V. Girls High School, Jayanagar. As a major form of art, this dance occupies the place of pride among folk dances. It provides both spectacular variety and complexity of the skills in the process of demonstration. Since this dance demands strength, muscle power and the spirit of endurance, only well-built sturdy persons of stamina alone can take to it. Against the background, we have 'Tala', 'Tappadi', 'Gong' and 'Flute', raised to high-pitched tenor. These instruments are used to reinforce the rich vibrations of 'Dollu'. A miniature model of Dollu, easy to carry in hand, and handle it for beating is often employed while singing a distinct class of songs Dollu Songs/Dollu drums Songs.

Viraamheen Pravaah

Amar Jawan Jyoti at India Gate is the symbol of sacrifice of our Jawans who laid their lives for the glory of the nation. It is a ray of hope for the disappointed and a source of inspiration for those who wish to perform miraculously in the field of economic, social, technological and cultural development of the country. Common Wealth Games 2010 will certainly provide an opportunity to our participants to scale new heights in games and sports. The incredible Indians are proud of the ever inspiring incessant flames of Amar Jawan Jyoti, which is bound to usher in a new era of disciplined and prosperous life.

The students of Kamal Model Senior Secondary School, Mohan Garden, New Delhi and Vandana International Senior Secondary School, Dwarka, New Delhi present a cultural event titled 'Viraamheen Pravaah'.

राजस्थानी लोक–नृत्य

यह राजस्थानी लोक नृत्य है जिसमें एक राजस्थानी लड़की को होली के अवसर पर ढपली की थाप एवं मंजीरे की मधुर ध्वनि, कच्ची घोड़ी की आवाज़, उड़ते गुलाल और घूमर नृत्य करते हुए तिरंगे झंडे को पकड़े हुए तथा समूचे राष्ट्र को गणतंत्र दिवस और होली की शुभकामनाएं देते हुए अपने प्रमी के साथ नृत्य करते हुए दिखाया गया है। यह संगीतमय रंगारंग कार्यक्रम उत्तरी–पूर्वी दिल्ली के तीन विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है जिनके नाम हैं: सर्वोदय कन्या विद्यालय, सी–I, यमुना विहार, सर्वोदय कन्या विद्यालय, सी–II, यमुना विहार एवं सरकारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विजय पार्क, मौजपुर। इस प्रस्तुतीकरण का निर्देशन श्रीमती कविता पाण्डेय ने किया है जिन्हें कथक नृत्य में महारत हासिल है तथा जो लखनऊ घराने से संबन्धित हैं।

Rajasthani Folk-Dance

This is a Rajasthani Folk Dance highlighting a Rajasthani girl dancing with her lover on the occasion of Holi, on the beat of Chang better known as ('Dhapali') along with tinkling of 'Majeere', sound of 'Kacchi Ghodi' beats, spooling gulal in the air and also holding tri-colour strips performing 'Ghoomar' dance and spreading the good wishes of Republic Day and Holi to the entire nation. This musical extravaganza is being presenting by the girl students of the three schools of North East District of Delhi, which are: Sarvodaya Kanya Vidyalaya, C-1 Yamuna Vihar; Sarvodaya Kanya Vidyalaya, C-2 Yamuna Vihar and G. G. S. S. Vijay Park, Maujpur. This presentation is choreographed by Mrs. Kavita Pandey, who has excelled in Kathak Dance and belongs to Lucknow Gharana.

वैश्वीकरण, अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सहयोग

सर्वोदय कन्या विद्यालय, समालका, नई दिल्ली के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य विषय क्रीडा एवं खेल के माध्यम से वैश्वीकरण, अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सहयोग को बढ़ावा देना है। क्रिकेट, बाक्सिंग, बैडमिंटन, फुटबाल, हाकी एवं व्यायाम की झांकियों के बीच जहां–तहां प्रदर्शित एरोबिक्स को पांव की थाप एवं जीवंत संगीत के साथ लयबद्ध किया गया है जिससे विद्यार्थियों और वयस्कों को समान रूप से ऊर्जा एवं प्रेरणा प्राप्त होती है। यह झांकी समूचे भारत और विश्व के लोगों को यह संदेश देती है कि 'भारतीय विरासत' और 'अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सहयोग' ही भारतीय लोक चेतना और ताने–बाने के मुख्य आधार हैं। अपने संस्कृति एवं विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए जो हम सभी भारतीयों की शक्ति एवं गौरव है, इक्कसवीं सदी के हमारे बच्चे अब वैश्वीकरण का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं जिसने भारत को दुनिया के मानचित्र पर स्थापित कर दिया है।

Globalization, International Peace and Cooperation

The theme of Globalization, International peace and Cooperation promoted through sports and games is the mainstay of the presentation by the students of Sarvodaya Kanya Vidyalaya, Samalka, New Delhi. The aerobics interspersed with tableaux representing cricket, boxing, badminton, football, hockey and gymnastics have been set to foot tapping and lively music which will energize and motivate the students and adults alike. This item is a massage for all the people of India and the world that "Indian heritage" and "international peace and cooperation" is the mainstay of Indian ethos and fabric. While preserving our culture and heritage which is the strength and pride of all Indians, the children of the 21st century are now paving the way for globalization which has put India on the world map.

34

तमांग सिलो नृत्य

तमांग सिलो नृत्य सिक्किम का लोक नृत्य है जिसे वहां के तमांग समुदाय का संरक्षण प्राप्त है। इस नृत्य को 'दाम्फू' के नाम से भी जाना जाता है। 'दाम्फू' तमांगों का पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्र है। इस नृत्य के माध्यम से पहाड़ों में रहने वाले लोगों की खुशमिजाज जीवन–शैली का वर्णन किया जाता है जो उनके त्यौहारों और नृत्यों की भव्यता के रूप में अभिव्यक्त होता है। यह नृत्य मनोरंजन और जीवंतता से भरपूर होता है इसलिए इसे दसैं अथवा दशहरा के अवसर पर किया जाता है। तमांग अथवा 'दाम्फू' नृत्य अनादि काल से प्रचलन में रहा है और इसे युवा तथा वृद्ध जन–समुदाय द्वारा समान रूप से परंपरागत वेशभूषा पहन कर किया जाता रहा है। उत्तर–पूर्व क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, दीमापुर के कलाकार इस तमांग सिलो नृत्य का प्रदर्शन कर रहे हैं।

Tamang Selo Dance

Tamang Selo is a Sikkimese folk dance patronized by the Tamang community. This dance is also known as 'Damphu'. 'Damphu' is the traditional musical instrument of the Tamangs. This dance depicts the colourful life-style of the hill people which finds expression in the splendor of their festivals and dances. This dance is full of fun and vigor and hence, it is performed during *Dasain or Dussehra*. The Tamang dance or 'Damphu' dance has since time immemorial been a traditional dance performed by the young and old folk alike in their traditional costumes. The artists from the North East Zone Cultural Centre, Dimapur are presenting the Tamang Selo Dance.

Printed at Indu Cards & Graphics, Chawri Bazar, Delhi-06